अध्याय 10

# दिल्ली में पर्यटन

दिल्ली में समृद्ध और अद्वितीय सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत है, जो वास्तविक अखिल भारतीय स्वरूप और सभी के लिए बेजोड़ गंतव्य है। दिल्ली स्मारकों, संग्रहालयों, धार्मिक स्थलों, खरीदारी स्थलों की विस्तृत विविधता और अग्रणी भोजन अनुभवों से लेकर कई पर्यटक आकर्षण प्रदान करता है। इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की कई आधुनिक इमारतें हैं जैसे–इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक, जो सभी ब्रिटिश वास्तुकला के शानदार उदाहरण हैं। इसके अलावा विभिन्न संग्रहालय, मंदिर और स्मारक हैं जो दिल्ली वासियों के जीवन में एक व्यापक और मनोरंजक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

1.1 यात्रा करने के लिए कुछ प्रमुख स्थान और संजोने योग्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- **राष्ट्रीय संग्रहालयः** प्राचीन काल से मध्यकाल तक भारत के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत की झलक पाने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है।
- **मुगल गार्डनः** दिल्ली में राष्ट्रपति भवन का मुगल गार्डन और बड़ी संख्या में अन्य खूबसूरत पार्क पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। सर्दियों में दिल्ली बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का घर बन जाती है जिससे इको–टूरिज्म की दृष्टि से इसका महत्व और बढ़ जाता है।
- **गार्डन ऑफ फाइव सेंसेजः** गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज सिर्फ एक पार्क नहीं है, यह विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबद्ध स्थान है, जो सार्वजनिक संपर्क और अन्वेषण को आमंत्रित करता है। जनता के लिए अवकाश स्थान की शहर की आवश्यकता पूरी करनें के लिए इसकी संकल्पना की गई थी। यह बीस एकड़ का स्थल है, जो सैदुलाजाब गांव में स्थित है।
- **गुरु तेग बहादुर स्मारकः** इस परिसर का निर्माण सिंघू बॉर्डर पर 11.87 एकड़ के क्षेत्र में किया गया है, जिसमें 24 मीटर ऊंचा केंद्रीय तोरण है, जिसके आधार पर पंखुड़ियां गुरु और उनकी ताकत का प्रतिनिधित्व करती हैं और तीन "सी" मेहराब उनके तीन अनुयायियों को दर्शाते हैं और एकाश्मक स्तंभ 10 सिख गुरुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन पर उनके कथन अंकित हैं।
- **कलाम मेमोरियलः** कलाम मेमोरियल 'पीपुल्स प्रेसिडेंट' के प्रति हमारे अमर प्रेम का एक उपयुक्त प्रमाण है, जिन्हें प्यार से इस नाम से बुलाया जाता था।
- **टिकरी कलां में आजाद हिंद ग्राम पर्यटक परिसरः** दिल्ली पर्यटन विभाग ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सम्मानित करने और नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण अवकाश स्थल प्रदान करने तथा सड़क किनारे सुविधाओं का निर्माण करने के लिए टिकरी कलां में पर्यटक परिसर परियोजना विकसित की है।
- **दिल्ली हाट (आईएनए, जनकपुरी, पीतमपुरा):** दिल्ली हाट एक सामाजिक–सांस्कृतिक परिसर है, जिसमें 'बाजार' जैसा अहसास है। यह शिल्प, भोजन और संस्कृति के आनंदमय मिश्रण के साथ पारंपरिक साप्ताहिक बाजार का एक शहरी संस्करण है। इन 3 हाटों में कई त्योहार आयोजित किए जाते हैं।

➢ **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम)**: राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नागरिकों की जीत और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। एनडब्ल्यूएम एक राष्ट्रीय स्मारक है जो स्वतंत्र भारत के सशस्त्र संघर्षों में लड़ने वाले भारतीय सेना के सैनिकों को सम्मान देने और उनका स्मरण करने के लिए बनाया गया है।



1.2 **दिल्ली में अन्य पर्यटन स्थल जो बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं:**

अक्षरधाम मंदिर, कमल मंदिर, बिड़ला मंदिर, हुमायूं का मकबरा, इंडिया गेट, इस्कॉन मंदिर, जामा मस्जिद, जंतर मंतर, लोदी मकबरा, संसद भवन, पुराना किला, कुतुब मीनार, राष्ट्रपति भवन, लाल किला, सफदरजंग मकबरा, गुरुद्वारा बंगला साहिब, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक आदि।

1.3 **दिल्ली में मनोरंजन स्थल:**

दिल्ली में मनोरंजन स्थल हैं: दिल्ली संग्रहालय, मूवी थिएटर, थिएटर और ऑडिटोरियम, पब और डिस्कोथेक, आर्ट गैलरीज, एडवेंचर स्पोर्ट्स, दिल्ली गोल्फ पार्क, शहर के विभिन्न पार्क, बाल मनोरंजन स्थल हैं। दक्षिण दिल्ली में असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य 4845.57 एकड़ में फैला है।

1.4 **अन्य गतिविधियां**

➢ **जल क्रीड़ा गतिविधियाँ:**
डीटीटीडीसी वर्तमान में दिल्ली में 03 झीलों में नौका विहार की सुविधा प्रदान करता है:
i. नैनी झील (मॉडल टाउन)
ii. भलस्वा झील
iii. संजय झील

➢ **मेले और त्यौहार:**
सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देना भारतीय पर्यटन नीति का मुख्य आधार रहा है और तदनुसार, हमारे देश की समृद्ध विरासत और विशेष रूप से दिल्ली की विरासत को समय–समय पर प्रदर्शित किया जाता है, जिनमें शामिल हैं, उद्यान पर्यटन उत्सव, आम महोत्सव, शरद उत्सव, डांडिया त्यौहार, तीज त्यौहार, गणेश चतुर्थी पर्व और दिल्ली की दीवाली आदि।

## 2. दिल्ली पर्यटन विभाग का कार्य निष्पादन

2.1 भारत की राजधानी विदेशी और घरेलू दोनों प्रकार के पर्यटकों के लिए प्रमुख आगमन स्थलों में से एक है। राज्य देश के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक है। दिल्ली टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस –2022 के अनुसार 2021 में दिल्ली में 6.06 लाख (39.70 प्रतिशत) विदेशी पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया। 2021 में भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या विवरण 10.1 में दी गई है :

### विवरण 10.1
### 2021 में भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन के लिए शीर्ष 8 अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट

| क्र.स. | अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट | एफटीएज | प्रतिशत हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 606238 | 39.70 |
| 2. | मुंबई | 212428 | 13.91 |
| 3. | हरिदासपुर | 133371 | 8.73 |
| 4. | चेन्नई | 120197 | 7.87 |
| 5. | बैंगलोर | 102629 | 6.72 |
| 6. | हैदराबाद | 86249 | 5.65 |
| 7. | कोचीन | 60540 | 3.96 |
| 8. | कोलकाता | 43506 | 2.85 |
| | कुल शीर्ष 8 | **1365158** | **86.55** |
| | अन्य | 161956 | 13.45 |
| | कुल योग | **1527114** | **100.00** |

*स्रोतः : इंडिया टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस–2022, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार*

2.2 2021 में भारत आनें वाले विदेशी पर्यटकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या विवरण 10.2 में दी गई है:

### विवरण 10.2
### 2021 में विदेशी पर्यटकों के आगमन में भारत के शीर्ष 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की हिस्सेदारी


| रैंक | पंजाब | Foreign Tourist Visits in 2021 | |
|---|---|---|---|
| | | **Number** | **Percentage Share (%)** |
| 1. | पंजाब | 308135 | 29.2 |
| 2. | महाराष्ट्र # | 185643 | 17.6 |
| 3. | दिल्ली # | 100178 | 9.5 |
| 4. | कर्नाटक | 72487 | 6.9 |
| 5. | केरल | 60487 | 5.7 |
| 6. | तमिलनाडू | 57622 | 5.5 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | 44737 | 4.2 |
| 8. | मध्य प्रदेश | 41601 | 3.9 |
| 9. | पश्चिम बंगाल | 34828 | 3.3 |
| 10. | राजस्थान | 34806 | 3.3 |
| | **शीर्ष 10 का कुल योग** | **940524** | **89.2** |
| | अन्य | 114118 | 10.8 |
| कुल | | **1054642** | **100** |

*स्रोतः : इंडिया टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस–2022, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार*

2.3 उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि दिल्ली ने 2021 में 9.5 प्रतिशत की कुल हिस्सेदारी के साथ विदेशी पर्यटकों की समग्र यात्राओं में तीसरा स्थान हासिल किया।

चार्ट 10.1

2021 विदेशी पर्यटकों की यात्राओं में प्रतिशत हिस्सेदारी




2.4 दिल्ली के विश्वस्तरीय अस्पतालों का लाभ लेने के लिए यहां चिकित्सा पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है।

2.5 दिल्ली हवाई अड्डे ने, 2021 में 26.6 प्रतिशत की कुल हिस्सेदारी के साथ, भारतीय नागरिकों के प्रस्थान (आईएनडी) के लिए अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्टों में, नंबर 1 रैंक हासिल किया। विवरण 10.3 में 2021 में भारत के शीर्ष 10 अंतरराष्ट्रीय चेक पोस्टों से नागरिक प्रस्थान की प्रतिशत हिस्सेदारी दर्शायी गई है।

विवरण 10.3

2021 में भारत के शीर्ष 10 अंतरराष्ट्रीय चेक पोस्टों से नागरिक प्रस्थान का ब्यौरा

| क्र.सं | अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट | भारत | प्रतिशत हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली हवाई अड्डा | 2278502 | 26.6 |
| 2. | मुंबई हवाई अड्डा | 1246851 | 14.6 |
| 3. | कोचीन एयरपोर्ट | 960821 | 11.2 |
| 4. | कालीकट एयरपोर्ट | 638778 | 7.5 |
| 5. | हैदराबाद हवाई अड्डा | 551170 | 6.4 |
| 6. | चेन्नई एयरपोर्ट | 533722 | 6.2 |
| 7. | बैंगलोर एयरपोर्ट | 426154 | 5.0 |
| 8. | त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट | 409241 | 4.8 |
| 9. | कन्नूर हवाई अड्डा | 243747 | 2.9 |
| 10. | अहमदाबाद हवाई अड्डा | 215510 | 2.5 |
| | कुल शीर्ष 10 | 7504496 | 87.8 |
| | अन्य | 1046819 | 12.2 |
| | कुल योग | 8551315 | 100 |

*स्रोतः : इंडिया टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस–2022, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार*

विवरण 10.4

2021 के दौरान ई–वीजा प्राप्त करने वाले विदेशी पर्यटकों के आगमन का प्रमुख हवाई अड्डा–वार ब्यौरा

| क्र.स. | हवाई अड्डे का नाम | 2021 | प्रतिशत हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली हवाई अड्डा | 35516 | 48.7 |
| 2. | मुंबई हवाई अड्डा | 14084 | 19.3 |
| 3. | हैदराबाद हवाई अड्डा | 5126 | 7.0 |
| 4. | बैंगलोर एयरपोर्ट | 4938 | 6.8 |
| 5. | चेन्नई एयरपोर्ट | 3523 | 4.8 |
| 6. | कोचीन एयरपोर्ट | 2929 | 4.0 |
| 7. | अहमदाबाद हवाई अड्डा | 2527 | 3.5 |
| 8. | डाबोलिम हवाई अड्डा | 1148 | 1.6 |
| 9. | त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट | 797 | 1.1 |
| 10. | कोलकाता हवाई अड्डा | 628 | 0.9 |
| | अन्य | 1654 | 2.3 |
| | कुल योग | 72870 | 100 |

*स्रोत : इंडिया टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस–2022, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार*

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 2021में ई–वीजा का लाभ उठाने वाले विदेशी पर्यटकों के हवाई अड्डे–वार आगमन में देश के दस प्रमुख एयर पोर्टों में दिल्ली की हिस्सेदारी सबसे अधिक 48.7 प्रतिशत रही।

## 3. घरेलू पर्यटक

राज्य में आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या भी दिल्ली में लगातार बढ़ रही है: 2012 में यह लगभग 1.85 करोड़ थी, जो 2019 में बढ़कर 3.65 करोड़ हो गई। परन्तु, 2021 में यह घटकर 1. 06 करोड़ रह गई (भारतीय पर्यटन सांख्यिकी, 2022)।

## 4. दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी)

पर्यटन क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन डीटीटीडीसी द्वारा किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य दिल्ली में पर्यटन का विकास करना और उसे प्रोत्साहित करना है। दिल्ली को आधुनिक और पर्यटकों के अनुकूल शहर बनाने के प्रयास के तहत, दिल्ली सरकार ने हाल के वर्षों में पर्यटक सूचना केंद्रों की स्थापना करके स्मारकों और धरोहर स्थलों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा के लिए कई पहल की हैं।

## 5. डीटीटीडीसी में उपलब्ध बुनियादी ढांचा

- पर्यटक सूचना केंद्र
- दिल्ली हाटः (1) आईएनए, (2) पीतमपुरा, (3) जनकपुरी (फूड एंड क्राफ्ट बाजार)
- गार्डन ऑफ फाइव सेंसिज
- एनएच–1पर गुरु तेग बहादुर स्मारक
- नेचर बाज़ार
- डॉ. कलाम स्मारक
- कॉफी होम
- आजाद हिंद ग्राम
- संजय झील, मयूर विहार में सॉफ्ट एडवेंचर पार्क

•







दिल्ली हाट जनकपुरी



गार्डन ऑफ फाइव सेंसिज



गुरु तेग बहादुर मेमोरियल




नेचर बाज़ार




कलाम मेमोरियल



## 6. डीटीटीडीसी का यात्रा प्रभागः

डीटीटीडीसी ने अपने यात्रा प्रभाग की स्थापना नवंबर 1996 में की थी और इसने टिकटिंग में नियमित संचालन शुरू किया था। ट्रैवेल डिविजन अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकट जारी करने के उद्देश्य से इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) का सदस्य बना। साथ ही ट्रैवेल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएएआई) और ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएएफआई) का सदस्य होने के नाते यह भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय का भी सदस्य बना।

### 6.1 मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना :

यह योजना भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत, दिल्ली के 17,252 वरिष्ठ नागरिकों ने अक्टूबर, 2022 तक विभिन्न तीर्थ स्थलों (रामेश्वरम–मदुरै, तिरुपति–बालाजी, जगन्नाथपुरी–कोणार्क–भुवनेश्वर, द्वारिकाधीश–नागेश्वर–सोमनाथ, शिरडी–शनि–शिंगणापुर–त्र्यंबकेश्वर, उज्जैन–ओंकारेश्वर, बोध–गया–सारनाथ, अजमेर–पुष्कर–उदयपुर– हल्दीघाटी–नाथद्वारा, मथुरा–वृंदावन–आगरा–फतेहपुर–सीकरी, हरिद्वार–ऋषिकेश–नीलकंठ, अमृतसर–वाघा बॉर्डर–आनंदपुर साहिब, वैष्णो देवी–जम्मू और अयोध्या) के 19 टूर किए।

### 6.2 मोबाइल ऐप "देखो मेरी दिल्ली" का विकास :

दिल्ली टूरिज्म मोबाइल ऐप पर्यटन क्षेत्र को एक नया प्रतिमान प्रदान करता है। यह पर्यटकों, आगंतुकों, सभी हितधारकों और दुनिया भर के लोगों को उनके हाथों में दिल्ली में न केवल पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें रचनात्मक तरीके से संलग्न भी करता है।

### 6.3 दिल्ली फिल्म नीति :

दिल्ली टूरिज्म ने 13.05.2022 को दिल्ली फिल्म नीति (डीएफपी)–2022 अधिसूचित और प्रारंभ की है। इसका लक्ष्य फिल्मों के माध्यम से दिल्ली के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रोफ़ाइल को ब्रांड बनाना है। डीएफपी–2022 के तहत एक अनूठी पहल, यानी ई–फिल्म क्लीयरेंस का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली में फिल्म शूटिंग सुविधा के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन सिंगल विंडो अनुमोदन तंत्र कायम किया गया है, जो व्यापार में सुगमता के लक्ष्य के अनुरूप 20 से अधिक हितधारक विभागों से एक सहज, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन मंजूरी प्रदान करता है।

### 6.3 दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (डीआईएचएम एंड सीटी):

संस्थान को 2002–03 में डिग्री स्तर के कॉलेज के रूप में अपग्रेड किया गया था ताकि वह होटल और आतिथ्य प्रबंधन में डिग्री प्रदान कर सके। वर्तमान में कॉलेज की कुल क्षमता 325 सीटों की है अर्थात बीएससी (एचएचए) पाठ्यक्रम में 262 विद्यार्थी हैं जबकि और पांच विषयों में अर्धवार्षिक ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 63 प्रशिक्षणार्थी हैं, जिसके लिए संस्थान तकनीकी शिक्षा बोर्ड, जीएनसीटीडी से संबद्ध है। निर्माणाधीन छात्रावास में लड़कों के लिए 118 सीटें और लड़कियों के लिए 42 सीटों की पर्याप्त व्यवस्था है।

## 7. सरकार द्वारा की गई पहल।

### 7.1 दिल्ली के प्रवेश स्थलों का सौंदर्यीकरण :

दिल्ली सरकार ने सभी प्रवेश बिंदुओं के सौंदर्यीकरण और दिल्ली में आगन्तुकों को सौंदर्यपरक अनुभूति कराने के लिए प्रवेश द्वारों के निर्माण की अवधारणा योजना तैयार की है।

### 7.2 ब्रेड एंड ब्रेक फास्ट स्कीम :

**7.2.1 सिल्वर और गोल्ड श्रेणी के अंतर्गत उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं विवरण 10.5 में दी गई हैं।**

विवरण 10.5

सिल्वर और गोल्ड श्रेणी के अंतर्गत उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं

| सुविधाए | सिल्वर | गोल्ड |
|---|---|---|
| कमरे का फ्लोर एरिया | 120 वर्ग फुट | 200 वर्गफुट |
| बाथ रूम का आकार | 30 वर्ग फुट | 40 वर्ग फुट |
| वाशिंग मशीन | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |
| कमरे में रेफ्रिजेरेटर | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |
| एक्सटेंशन के साथ टेलीफोन | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |

7.2.2 योजनान्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र आदि सुरक्षा अपेक्षाएं पूरी करने हुए डबल बेड, एसी, टेलीफोन सुविधाओं के साथ भली–भांति सुसज्जित कमरे उपलब्ध कराए जाते हैं। किसी भी प्रतिष्ठान को अधिकतम 06 कक्ष दिये जा सकेंगे।

7.2.3 इस योजना के तहत दिनांक 31.03.2022 एवं 30.09.2022 की स्थिति के अनुसार दर्ज गोल्ड एवं सिल्वर श्रेणी के प्रतिष्ठानों और पंजीकृत कक्षों की कुल संख्या तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 का लक्ष्य नीचे विवरण 10.6 में दिया गया है:

विवरण 10.6

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान स्थिति | | 2022–23 के लिए लक्ष्य | | वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान स्थिति (दूसरी तिमाही तक) | | 30.09.2022 तक स्थिति (03 वर्ष का संचयी)* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या |
| सिल्वर | 140 | 739 | 190 | 950 | 119 | 24 | 384 | 1920 |
| गोल्ड | 8 | 38 | 15 | 75 | 4 | 578 | 31 | 156 |
| कुल | 148 | 777 | 205 | 1025 | 123 | 602 | 415 | 2076 |

*नोटः *बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत पंजीकरण का प्रमाण पत्र तीन साल के लिए जारी किया जाता है।*

## अध्याय एक नज़र में

| | |
|---|---|
| ➢ | 2021 के दौरान शीर्ष 8 अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट के अनुसार दिल्ली में 6.06 लाख (39.70 प्रतिशत) विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीएज) दर्ज किए गए। |
| ➢ | दिल्ली ने 2021 में 9.5 प्रतिशत की कुल हिस्सेदारी के साथ विदेशी पर्यटकों की कुल यात्राओं में तीसरा स्थान हासिल किया। |
| ➢ | दिल्ली एयरपोर्ट ने 2021 में भारतीय नागरिकों के प्रस्थान (आईएनडी) में 26.6 प्रतिशत योगदान के साथ अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्टों में नंबर 1 रैंक हासिल किया। |
| ➢ | दिल्ली टूरिज्म ने 13.05.2022 को दिल्ली फिल्म नीति (डीएफपी) 2022 अधिसूचित और प्रारंभ की और फिल्मों के माध्यम से दिल्ली का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रोफ़ाइल ब्रांड बनाने का लक्ष्य रखा। |